सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—**cm-587**
28/11/2017

एशियन महिला कबड्डी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली खिलाड़ी शमां परवीन ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

पटना, 28 नवम्बर 2017 :— ईरान की राजधानी तेहरान में 23—25 नवम्बर 2017 तक आयोजित एशियन महिला कबड्डी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली पटना के मोकामा प्रखंड की दरियापुर निवासी शमां परवीन ने आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। शमां परवीन ने भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करते हुए दक्षिण कोरिया को पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया था। मुख्यमंत्री ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए शमां परवीन को गुलदस्ता एवं शाल देकर उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, बिहार कब्बडी एसोसिएशन के सचिव कुमार विजय सिंह, निदेशक खेल श्री संजय सिन्हा तथा शमां परवीन की माँ मोहतरमा फरीदा खातून उपस्थित थीं।

******